**एसआरएफ-पीडीआई के अंतर्गत संविदा आधार पर (पूर्णकालिक) अधिकारियों की नियुक्ति - 2024-25**

24 जनवरी, 2025

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) की स्थापना 2 अप्रैल 1990 को भारतीय संसद के एक अधिनियम के अंतर्गत हुई है, जो सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) क्षेत्र के संवर्धन, वित्तपोषण और विकास तथा इस प्रकार की गतिविधियों में संलग्न संस्थानों के कार्यों का समन्वयन करने के लिए एक प्रमुख वित्तीय संस्था के रूप में कार्य करता है।

सिडबी के विजन के अनुरूप, इसके विकास एवं प्रभाव कार्यक्रम (पीडीआई) वर्टिकल का बल एमएसएमई को बढ़ावा देने और एकीकृत, नवोन्मेषी तथा समावेशी दृष्टिकोण के माध्यम से आजीविका का सृजन पर केंद्रित रहता है और वह समाज के विभिन्न स्तर/वर्गों, चाहे पारंपरिक घरेलू उद्योग हो, छोटे, निचले स्तर के उद्यमी हों, मध्यम उद्यम से लेकर उच्च स्तर के ज्ञान आधारित उद्योग हों और चाहे निर्यात संवर्द्धन हों, के लोगों के जीवन को प्रभावित करने में सक्रिय भूमिका निभाता है। पीडीआई का बल उद्यमिता संस्कृति और उद्यम संवर्धन का प्रसार करने पर केन्द्रित रहता है।

पीडीआई के अंतर्गत स्वावलंबन संसाधन सुविधा (एसआरएफ) की स्थापना वर्ष 2020 में सर्वाधिक निर्धन राज्यों के समावेशी विकास (पीएसआईजी) कार्यक्रम विरासत योजना के भाग के रूप में की गई थी। एसआरएफ एफसीडीओ, यूके के सहयोग से स्थापित एक विशेष कक्ष है, जो भारत के कम आय वाले क्षेत्रों के लिए उद्यमिता को बढ़ावा देने में समावेशन और नवाचार लाने पर विशेष ध्यान देने के साथ देश में सूक्ष्म उद्यम पारितंत्र को मजबूत करने की दिशा में काम करता है।

बैंक का मानना है कि ग्राहक सेवा प्रदान करने के लिए उसके लोग, प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी प्रमुख चालक हैं। बैंक का दृढ़ विश्वास है कि उसका मानव संसाधन उसकी सबसे मूल्यवान संपत्ति है। सिडबी एक समान अवसर प्रदान करने वाला नियोक्ता है और आयु, रंग, विकलांगता, वैवाहिक स्थिति, राष्ट्रीयता, जाति, धर्म, लिंग आदि के आधार पर बिना किसी भेदभाव के समान रोजगार के अवसर प्रदान करता है।

बैंक निम्नलिखित विवरण के अनुसार संविदा के आधार पर (पूर्णकालिक) निम्नलिखित पद के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन-पत्र आमंत्रित करता है:

| क्रमांक | पद | कुल रिक्तियां | आरक्षण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | यूआर | ईडब्ल्यूएस | ओबीसी | एससी | एसटी | पीडब्ल्यूबीडी* (वीआई/एचएच/ओसी/एमडी-आईडी) |
| 1 | थीम लीडर -लैंगिक समानता (जेंडर) एवं वित्तीय साक्षरता | 1 | 1 | - | - | - | - | 1 |
| 2 | एसोसिएट प्रबंधक - वित्तीय समावेशन | 1 | 1 | - | - | - | - | 1 |

* पीडब्ल्यूबीडी - "दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016" में परिभाषित बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति (i) वीआई - दृष्टिबाधित, एचएच- श्रवण विकलांग, ओसी- आर्थोपेडिक रूप से विकलांग, एमडी-आईडी -मस्कुलर डिस्ट्रॉफी - बौद्धिक विकलांगता। (VI/HH/OC/MD-ID) के लिए रिक्ति क्षैतिज है और मूल श्रेणी की रिक्तियों में शामिल है;

## Engagement of Officials on Contractual Basis (Full Time) under SRF-PDI - 2024-25

January 24, 2025

Small Industries Development Bank of India (SIDBI) set up on 2nd April 1990 under an Act of Indian Parliament, acts as the Principal Financial Institution for Promotion, Financing and Development of the Micro, Small and Medium Enterprise (MSME) sector as well as for coordination of functions of institutions engaged in similar activities.

Aligned to the vision of SIDBI, its Programmes for Development and Impact (PDI) vertical focuses on promotion of MSMEs and creation of livelihood through integrated, innovative, and inclusive approaches and plays a proactive role in impacting the lives of people across various strata of society be it traditional domestic industry, small, bottom of the pyramid entrepreneurs, medium enterprises to high end knowledge based industries and export promotions. The focus of PDI is to spread entrepreneurship culture and enterprise promotion.

Swavalamban Resource Facility (SRF) under PDI was set-up in the year 2020 as part of the Poorest States Inclusive Growth (PSIG) Programme Legacy Plan. SRF is a special cell established with support from FCDO, UK which works towards strengthening the microenterprise ecosystem in the country with special focus for bringing inclusion and innovation in promoting entrepreneurship for low-income pockets of India.

The Bank believes that its people, process and technology are the key drivers for delivering customer service. The Bank firmly believes that its Human Resources are its most valuable asset. SIDBI is an equal opportunity employer and provide equal employment opportunities, without any discrimination on the grounds of age, color, disability, marital status, nationality, race, religion, sex etc.

The Bank invites application from interested candidates for the following post on Contractual basis (Full Time) as detailed below:

| S. No. | Post | Total Vacancies | Reservations | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | EWS | OBC | SC | ST | PwBD* (VI/HH/OC/MD-ID) |
| 1 | Theme Leader-Gender & Financial Literacy | 1 | 1 | - | - | - | - | 1 |
| 2 | Associate Manager-Financial Inclusion | 1 | 1 | - | - | - | - | 1 |

* PwBD – Persons with Benchmark Disabilities as defined in the "The Rights of Persons with Disabilities Act, 2016" (i) VI – Visually Impaired, HH-Hearing Handicapped, OC – Orthopedically Challenged, Muscular Dystrophy - Intellectual disability. The vacancy for (VI/HH/OC/MD-ID) is horizontal and included in the vacancies of parent category;